सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 105 | इंदौर, मंगलवार 29 अक्टूबर, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. Diwali: व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति बाइडन ने भारतीय-अमेरिकियों के साथ मनाई दिवाली, बोले- मुझे इस पर गर्व है
2. Delhi Pollution: सांसों पर संकट... आज हवा के दमघोंटू होने की आशंका, गुरुवार तक पहुंच सकती है गंभीर श्रेणी में


# ।।शुभ धनतेरस।।

## ।। ॐ धन्वंतरि नमः ।।

"समा दोष समा अग्निश्च समधातु माला क्रियाहा।
प्रसन्न आत्मा मन इन्द्रियः स्वस्थ इति अभिधीयते।।"

## ।। ॐ सर्वाऔषधिदेवेभ्यो नमः ।।

अहितः देहजः व्याधिः हितम् आरण्यं औषधम्

**दानं भोगो नाशस्तिस्रो, गतयो भवन्ति वित्तस्य ।
यो न ददाति न भुङ्क्ते, तस्य तृतीयागतिर्भवति ॥**

अर्थात् - वित्त(धन) की तीन प्रकार की गति होती है एक दान दुसरा उपभोग और तीसरा नाश , जो व्यक्ति धन का दान नही करता ओर जो उसका उपभोग भी नही करता अर्थात् धन संचय करता है उसके धन की तीसरी गति यानि नाश हो जाता है ।।




Detecting the truth.

091110 50101 | www.detectivegroup.in
www.detectivesgroup.com

# दीप पर्व-प्रमुख बाजारों में रौनक, त्यौहारी ग्राहकी

## कपड़ा, दुकान, बर्तन सहित अन्य दुकानों में खरीदी करने ग्राहकों की भीड़

### ◆ दिए, धानी, झाड़ू और सजावट के सामान की भी जमकर खरीदी



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। दीपावली महोत्सव के तहत मंदी के बाबजूद प्रमुख बाजारों में रौनक आम मध्यम _ गरीब वर्ग तमाम विपरीत परिस्थितियों में बाजार की आर्थिक रीढ़ हैं।**

दीपावली त्योहार के चलते बाजार में रौनक है। कपड़ा, दुकान, बर्तन सहित अन्य दुकानों में खरीदी करने ग्राहकों की भीड़ लग रही है। खरीदी के करने वालों के चलते बाजार में कई बार जाम की स्थिति भी बन रही है। सुबह से रात तक बाजार में ग्राहकों की भीड़ दिखाई दे रही है। दीपावली के पूर्व बाजार में भीड़ ज्यादा दिखाई दी। कपड़ा, ज्वेलरी, पटाखा, इलेक्ट्रानिक सामान, बर्तन, पेंट आदि दुकानों में अच्छी भीड़ दिखाई दी। रविवार से स्कूलों में छुट्टी लग गई है। दीपावली त्योहार 31 अक्टूबर और एक नवम्बर मानने की वजह से व्यापार एक दिन ज्यादा होगा। धनतेरस 29 और 30 अक्टूबर को बताया गया है। हिंदुओं का प्रमुख त्योहार दीपावली की तैयारी में लोग जुटे हुए हैं। इसके लिए पिछले कई दिनों से खरीददारी भी हो रही है। बच्चों को लेकर पालक दुकानों में कपड़े एवं अन्य सामान खरीदने पहुंच रहे हैं।

### ऑनलाइन खरीदी कम, व्यापारियों ाके फायदा

रेडिमेड कपड़ों के अलावा साड़ियां एवं कपड़ा सिलवाने वाले कपड़े की भी मांग है। कपड़ा दुकान के अलावा ज्वेलरी दुकानों में भी ग्राहक पहुं रहे हैं। लगभग सभी सराफा दुकानों में ग्राहकों की भीड़ दिखाई दी। दीपावली तक व्यापार अच्छी होने की उम्मीद है। देखने में आ रहा है कि अन्य वर्षों की तुलना में इस बार व्यापार अच्छा है। लोगों ने आनलाईन खरीदी भी कम की है जिससे स्थानीय व्यापारियों को फायदा हुआ है।

### विभिन्न वस्तुओं का स्टाक बढ़ाया

त्योहार के दौरान मांग में भारी वृद्धि को ध्यान में रखते हुए व्यापारियों ने पहले से ही विभिन्न वस्तुओं के अपने स्टॉक को बढ़ाया है। जिसमें खासकर उपहार के सामान, कपड़े, गहने, इलेक्ट्रॉनिक्स, स्मार्ट फोन, फर्निशिंग, सजावट सामग्री, पूजा सामग्री, रंगोली, देवी देवताओं की फोटो व मूर्तियां, खिलौने, खाद्य वस्तुएं, बिजली का सामान समेत अन्य है।

### छूट और उपहार की पेशकश

इसी तरह दुकानदारों ने ग्राहक को आकर्षित करने के लिए विभिन्न प्रकार की छूट और उपहार की पेशकश कर रहे हैं। एक पर एक निशुल्क या दीपावली छूट जैसी योजनाएं चला रहे हैं।

### चीनी उत्पादों की बिक्री में कमी

पिछले कुछ वर्षों में चीनी उत्पादों के बहिष्कार की भावना मजबूत हुई है और इस साल यह और अधिक प्रभावी रूप में दिखाई दे रही है। व्यापारियों और ग्राहकों से अपील की है कि वे इस दीपावाली केवल भारतीय उत्पादों की ही खरीदें व बेचें और भारतीय अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में अपना योगदान दें।

---

### माय एफएम का ब्रेस्ट कैंसर जागरूकता अभियान

# छप्पन दुकान पर डॉक्टरों ने बताएं बचाव के तरीके

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। ब्रेस्ट कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए केयर सीएचएल अस्पताल और माय एफएम ने छप्पन दुकान पर रविवार को एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने कैंसर के लक्षणों, बचाव के उपायों, और प्रारंभिक जांच के महत्व पर जानकारी दी। कार्यक्रम में आरजे रघु ने होस्टिंग की। महिलाओं को डॉक्टरों से ब्रेस्ट कैंसर से जुड़े सवाल पूछने का अवसर मिला। डॉक्टरों ने सभी सवालों के जवाब दिए। संगिनि ग्रुप द्वारा प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक ने इस आयोजन में खास आकर्षण रहा। नाटक में ब्रेस्ट कैंसर के लक्षणों, जांच, और समय पर उपचार के महत्व को सरल तरीके से समझाया। इस प्रयास से लोगों में जागरूकता बढ़ाने का एक प्रभावी मंच मिला। केयर सीएचएल अस्पताल के निदेशक मनीष गुप्ता ने बताया, ब्रेस्ट कैंसर महिलाओं में एक गंभीर समस्या है, लेकिन समय पर पहचान और उचित इलाज से इसके प्रभाव को कम किया जा सकता है। हमारा प्रयास हर महिला तक इस बीमारी के बारे में संपूर्ण जानकारी पहुंचाना है।

# ट्रैफिक में बाधक यूनिपोल को मधुमिलन चौराहे से हटाया

## यूनिपोल हटाने के लिए निगम की रिमूव्हल टीम को करना पड़ा कड़ा संघर्ष

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर नगर निगम की टीम के द्वारा सोमवार सुबह मधु मिलन टॉकीज चौराहा पर सड़क के बीचो-बीच लगे हुए यूनिपोल को हटाने की कार्रवाई को अंजाम दिया गया। यह कार्रवाई यातायात शुरू होने से पहले ही कर ली गई । पिछले दो महीने से इस यूनिपोल को हटाने की कवायत चल रही है।**

### आदर्श मार्ग के रुप में होगा विकसित ...

नगर निगम के द्वारा रीगल चौराहा से लेकर मधु मिलन टॉकीज चौराहा तक के मार्ग को आदर्श मार्ग के रूप में विकसित किया जा रहा है। इस विकास कार्य के साथ ही साथ मधु मिलन चौराहा पर यातायात की व्यवस्था का नए सिरे से निर्धारण करते हुए इस चौराहे का भी विकास किया जा रहा है। इस विकास के अंतर्गत नगर निगम के द्वारा पूरे चौराहे की सड़क को अलग-अलग हिस्से में खोदकर नए सिरे से सीमेंट की नई सड़क का निर्माण किया जा रहा है।

### पिछले दो महीने से चल रही थी यूनिपोल को हटाने की कवायद

निगम के द्वारा इस चौराहे पर काफी क्षेत्र में सीमेंट की नई सड़क का निर्माण कर दिया गया है। अब बचे हुए क्षेत्र में काम किया जा रहा है। इस चौराहे पर विकास के कार्य को अंजाम देने में नगर निगम के समक्ष निगम का ही एक यूनिपोल बाधक बन रहा था। इस यूनिफार्म को हटाया जाना आवश्यक हो गया था। इस यूनिपोल को हटाने के बाद में सड़क को समतल किया । इसके लिए पिछले दो महीने से इस यूनिपोल को हटाने की कसरत की जा रही थी। अब यह यूनिपोल हटाने का काम सुबह-सुबह जाकर हो सका है। सुबह नगर निगम की टीम रिमूवल गैंग के साथ में मौके पर पहुंची। इस टीम के द्वारा कई घंटे तक कोशिश करने के बाद जाकर इस यूनिपोल को हटा दिया गया है। अब इस चौराहे पर विकास के कार्य को तेज गति से अंजाम दिया जा सकेगा।

### एजेंसी के माध्यम से हटवाया

इस बारे में पूछे जाने पर नगर निगम की उपयुक्त लता अग्रवाल ने बताया कि इस यूनिपोल को हटाने के लिए संबंधित एजेंसी को एक पत्र भेजा गया था। इस पत्र में एजेंसी से कहा गया था कि वह यूनिपोल को हटा दें। इसके साथ ही चेतावनी दी गई थी कि यदि वह नहीं हटाएंगे तो निगम के द्वारा कार्रवाई की जाएगी। आज निगम की देखरेख में ही उस एजेंसी के द्वारा यह यूनिपोल हटाया गया है।

# एम.पी. ट्रांसको इंदौर में आयोजित हुए सुरक्षा जागरुकता प्रशिक्षण शिविर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर** । एम.पी. ट्रांसकों में जीरो एक्सीडेंट लक्ष्य के साथ ट्रांसमिशन लाइनों एवं एक्स्ट्रा हाईटेंशन सब स्टेशनों में मेंटेनेंस करने के प्रबंध संचालक इंजीनियर सुनील तिवारी के निर्देश और मंशानुसार मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के ट्रांसमिशन लाइन और एक्स्ट्रा हाईटेंशन सब स्टेशनों के मेंटेनेंस स्टाफ में सुरक्षा जागरूकता के लिए प्रशिक्षण शिविर आयोजित किये गये। इन प्रशिक्षण शिविरों में ट्रांसमिशन लाइनों और सब स्टेशनों में सुरक्षा के विभिन्न उपायों को ध्यान में रख कर सतर्कतापूर्वक कार्य संपादित करने के लिए ट्रांसमिशन लाइन मेंटेनेन्स के 20 स्टाफ एवं सब स्टेशनों के 40 आउटसोर्स स्टाफ सहित कुल 71 मेंटेनेंस स्टाफों को प्रशिक्षण दिया गया। ये प्रशिक्षण शिविर ट्रांसमिशन लाइन मेंटेनेन्स के इंदौर मुख्यालय सहित अन्य उपसंभागो के साथ 132 के व्ही सबस्टेशन चंबल, इंदौर में आयोजित किये गए। प्रशिक्षण में कर्मियों को जागरूक किया गया कि ट्रांसमिशन एलिमेंट्स में कार्य करने करते समय क्या-क्या सावधानियां और सतर्कता बरतनी पड़ती है। मेंटेनेंस स्टाफ को चालू और बंद लाइनों और उपकरणों में कार्य करने की विभिन्न सुरक्षित तरीकों और सुरक्षा उपकरणों के साथ कार्य करने के बारे में बताया गया।

# दिवाली के दौरान बस सीट बुकिंग में 106% वृद्धि का अनुमान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **जैसे-जैसे मध्य प्रदेश दिवाली के लंबे सप्ताहांत की तैयारी कर रहा है, यात्रा की मांग में उल्लेखनीय वृद्धि की उम्मीद है। रेडबस प्लेटफॉर्म पर 25 अक्टूबर से 3 नवंबर के बीच बस सीट बुकिंग में 106% की।**

वृद्धि का अनुमान है, जो पिछले महीने के गैर-त्योहारी अवधि की तुलना में है। दुनिया के सबसे बड़े बस टिकटिंग प्लेटफॉर्म रेडबस के आंकड़ों के अनुसार, यह वृद्धि त्योहारी सीजन के दौरान क्षेत्रीय और अंतर-राज्यीय यात्रा के मजबूत रुझान को दशार्ती है। यह अनुमान यात्रा क्षेत्र में एक व्यापक बदलाव का संकेत देता है, जहां अधिक लोग परिवार से मिलने या नए स्थानों की खोज के लिए सड़क परिवहन को चुन रहे हैं। आंकड़े मध्य प्रदेश के भीतर यात्रा प्राथमिकताओं, जनसांख्यिकी और लोकप्रिय मार्गों पर एक नजर डालते हैं, जिससे यह पता चलता है कि राज्य के निवासी इस साल दिवाली कैसे मनाने की योजना बना रहे हैं।

# वार्षिकोत्सव में 250 स्टूडेंट्स ने दी रंगारंग प्रस्तुति

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। बंगाली पब्लिक स्कूल और बंगाली हायर सेकेंडरी स्कूल का वार्षिकोत्सव विधालय परिसर में मनाया गया। इस बार की थीम थी पंच तत्व। अत बच्चों ने पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश की मुद्रा बनाकर सुंदर डांस और नाटक का मंचन किया। दोनों स्कूलों के करीब 250 स्टूडेंटस ने शानदार रंगारंग प्रस्तुति दी।

# राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की बैठक 29 अक्टूबर को

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजेन्द्र सिंह रघुवंशी ने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशानुसार 29 अक्टूबर को शाम 5 बजे राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की बैठक जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में जिला निर्वाचन कार्यालय इंदौर के कक्ष क्रमांक-216 में रखी गई है। आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशानुसार बैठक में एक जनवरी 2025 की अर्हता तिथि के आधार पर, फोटो निर्वाचक नामावली का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के तहत 29 अक्टूबर 2024 को निर्वाचक नामावली के प्रारूप प्रकाशन उपरांत पुनरीक्षण कार्यक्रम की रूपरेखा से अवगत कराने एवं प्रारूप नामावली की प्रति प्रदाय की जाने के संबंध में यह बैठक आयोजित की गई है।

# दिलजीत दोसांझ के प्रोग्राम के ऑनलाइन टिकिट के नाम पर 90 हजार की ठगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। सिंगर दिलजीत दोसांझ के प्रोग्राम के ऑनलाइन टिकट के नाम पर उनका एक फैन ठगी का शिकार हो गया। आरोपी ने उसे करीब 90 हजार रुपए की चपत लगा दी। दरअसल दिलजीत का इंदौर में अक्टूबर को होने वाला कार्यक्रम तेज बरसात के कारण निरस्त हो गया था। अब ये कार्यक्रम 8 दिसंबर को इंदौर में होना तय हुआ है। इस कार्यक्रम के लिए आन लाइन टिकिट के नाम पर सिंगर के फैन से 90 हजार 800 रुपए की ठगी की शिकायत क्राइम ब्रांच को मिली है।**

एडिशनल डीसीपी क्राइम राजेश दंडोतिया ने बताया कि एक आवेदक ने शिकायत दर्ज करवाई है। आवेदक द्वारा इंस्टाग्राम चलाते समय सिंगर दिलजीत दोसांझ के दिसंबर मे इंदौर मे होने वाले म्यूजिक कॉन्सर्ट के टिकट उपलब्ध होने की स्टोरी देख मीमडायरिज नाम के इंस्टाग्राम अकाउंट पर माह सितंबर में सम्पर्क किया। आवेदक द्वारा उसके और दोस्तों के 9 टिकिट लेने की बात पक्की हुई जिसका मूल्य 90 हजार 800 रुपए बताया गया। इसके बाद आवेदक को मोबाइल नंबर 9999711966 से वाट्सएप पर क्यूआर स्केनर भेज टिकट बुकिंग की राशि ट्रांसफर करवा ली गई।

आवेदक के मुताबिक अब उपरोक्त इंस्टाग्राम अकाउंट डीएक्टिव बता रहा था, स्कैनर भेजे हुए मोबाइल नंबर पर संपर्क किया तो सामने से काल अटेंड कर डिसकनेक्ट कर मोबाइल स्विच ऑफ कर लिया गया। उसके बाद आवेदक को उसके साथ फ्राड होने की जानकारी मिली। आवेदक ने सायबर हेल्प लाइन पर उपस्थित होकर शिकायत दर्ज करवाई। क्राइम ब्रांच की सायबर सेल ने जांच शुरु कर दी है।

# भाई का सिर फोड़ डाला, दूसरी घटना में पत्नी बेटी को पीटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। त्योहार पर रिश्तों में विवाद के दो मामले सामने आए। एक में जहां छोटा भाई पटाखे नहीं लेकर आया तो बड़ा भाई इतना नाराज हो गया कि उसने ईट उठाकर अपने भाई के सिर पर दे मारी। वहीं दूसरी घटना में पत्नी व बेटी को पिता ने पीट दिया।**

पहला मामला मल्हारगंज थाना क्षेत्र के इंदिरा नगर का है। गोविंद बैरागी की शिकायत पर उसके भाई आनंद के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। गोविंद ने पुलिस को बताया कि वह अपने घर पर था तभी आरोपी भाई आया और पटाखों के बारे में पूछने लगा। गोविंद ने कहा कि बहन ने मना कर दिया था इसलिए पटाखे नहीं लाया है। इसी बात पर आनंद नाराज हो गया वह गालियां देने लगा और ईट उठाकर गोविंद के सिर पर पटक दी। गोविंद लहू लुहान हो गया। परिजन उसे अस्पताल लेकर गए इसके बाद पुलिस ने आरोपी भाई के खिलाफ केस दर्ज किया है।

उधर, गांधीनगर में एक युवती को अपने पति से खर्चे के पैसे मांगना महंगा पड़ गया। पति ने पत्नी और बेटी दोनों को बेल्ट से जमकर मारा। पुलिस के अनुसार स्वप्ना दिंदुलकर निवासी सतपुड़ा परिसर की शिकायत पर उसके पति नितिन दिंदुलकर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। स्वप्ना ने पुलिस को बताया कि पति काम नहीं करता है। घर में खर्च के लिए भी पैसे नहीं थे। पति से पैसे मांगे तो वह नाराज हो गया। चमड़े का बेल्ट उठाकर स्वप्ना पर हमला कर दिया। मां को मार खाते देख बेटी ट्विंकल आगे आई और पिता को रोकने की कोशिश की तो पिता ने उसके साथ भी जमकर मारपीट की। मां-बेटी को पडोसियों ने बचाया उसके बाद मामला पुलिस तक पहुंचा।

## दुकान से महिला ने चुराई चेन, फुटेज से तलाश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। एक महिला चोर बच्चे के साथ सराफा दुकान पर पहुंची और वहां से सोने की चेन गायब कर दी। उसकी यह हरकत सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पुलिस अब इसी आधार पर महिला को तलाश रही है। तिलक नगर थाने में अमन पिता शरद सोनी निवासी श्री मंगल नगर की शिकायत पर अज्ञात महिला के खिलाफ चोरी का प्रकरण दर्ज किया गया है। फरियादी की तिलक नगर मेन रोड कम्युनिटी हॉल में सोने चांदी की दुकान है। रविवार दोपहर एक महिला एक बच्चे के साथ वहां पहुंची। उसने कुछ ज्वेलरी देखी और चली गई। महिला के जाने के बाद अमन सोनी ने स्टॉक चेक किया तो करीब 9 ग्राम वजनी सोने की चेन गायब मिली। उन्होंने तुरंत सीसीटीवी कैमरे देखे तो महिला चेन चुराते हुए कैद हुई। आरोपी महिला ने अमन सोनी के पिता का ध्यान भटका कर सोने की चेन अपने कपड़ों में छुपा ली थी।

## नवविवाहिता को दहेज के लिए सताया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। नवविवाहिता को दहेज में दस लाख रूपए की मांग पूरी नहीं होने पर ससुराल में प्रताडित किया गया। पुलिस ने पति व अन्य पर केस दर्ज किया है। सदर बाजार पुलिस ने बताया कि पीडिता मुस्कान पति शोएब की रिपोर्ट पर इसके पति शोएब, सास रुखसाना व ननद निवासी जूना रिसाला के खिलाफ केस दर्ज किया गया। महिला ने बताया कि पति सास व ननद ने प्रताडित किया और पहले भी पांच लाख रूपए दहेज ले चुके हैं। इधर थाना परदेशीपुरा में भी पीडिता उर्वशी पति रोहित खाटवा निवासी परदेशीपुरा की शिकायत पर पति रोहित,ससुर गोपाल,सास सीमा और दादी सास सामू के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का केस दर्ज किया गया। आरोपियों ने शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताडित कर जान से मारने की धमकी भी दी।

## गुम मोबाइल वापस पाकर चेहरे पर आई मुस्कान

### 4 राज्यों से चोरी हुए 102 मोबाइल पुलिस ने लौटाए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। दीपावली के पहले चोरी और गुम हुए मोबाइल वापस पाकर सोमवार को लोगों के चेहरे पर मुस्कान देखने को मिली। 102 मोबाइल पुलिस ने वापस लौटाए है। इनकी कीमत करीब 25 लाख रुपये हैं। अधिकारियों के मुताबिक अपराध शाखा (सायबर सेल) द्वारा सिटीजन कॉप एप्लीकेशन के गुम मोबाइल फोन की शिकायतों पर कार्रवाई करते हुए सफलता प्राप्त हुई है। गुम मोबाइल फोन जो कि इंदौर सहित देश के विभिन्न शहरो में चल रहे थे, जिन्हें क्राइम ब्रांच टीम द्वारा बरामद किया गया। यह मोबाइल मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों के अलावा गुजरात, उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ दिल्ली, पंजाब, बिहार, राजस्थान, उडीसा, हरियाणा, महाराष्ट्र, आदि से बरामद किए है। इस वर्ष अब तक 871 मोबाइल ढूंढकर वापस लौटा दिए है।

## दो युवतियों से छेड़छाड़

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। भंवरकुआ में छेडछाड़ के दो मामले हुए सामने आए है। पहला मामला स्कूल वैन ड्राइवर द्वारा छात्रा के साथ छेडछाड़ का है। पीडिता ने पिता को आपबीती सुनाई, जिसके बाद थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई गई है। वहीं दूसरा मामला ई रिक्शा चालक द्वारा कपडे की दुकान पर सेल्सगर्ल का काम करने वाली युवती के साथ छेडछाड़ का है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक 16 साल की छात्रा की शिकायत पर स्कूल वैन के ड्राइवर रवि भमोरिया पर छेड़छाड़ का मामला दर्ज किया है। शिकायत में छात्रा ने बताया कि वह 10 वी क्लास की स्टूडेंट है, स्कूल पैदल आती-जाती है। उसी स्कूल में रवि दूसरे बच्चो को वैन में लाने-ले जाने का काम करता है। स्कूल से आने-जाने के दौरान वह कई बार बात करने का प्रयास करता लेकिन वो सामान्य बात कर वहां से चली जाती। 26 अक्टूबर को पैदल स्कूल जा रही थी। शनि मंदिर के पास पालदा में रवि आया और उसने रास्ता रोककर बात करने का दबाव बनाया, इसके बाद धमकाने लगा। घर आकर किसी को यह बात नही बताई, रविवार को पिता घर पर थे, उन्हें रवि के बारे में जानकारी दी। इधर दूसरी घटना भंवरकुआ में सेल्सगर्ल के साथ हुई। ई रिक्शा चालक ने उसके साथ छेड़छाड़ की। चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक 25 साल की युवती ने बताया कि वह एक साडी के शोरूम में काम करती है। अपनी सहेली के साथ यहां आने-जाने के लिये अमित कोचले निवासी भावना नगर को रखा था। रविवार को वह शोरूम जाने के लिये निकले थे, रास्ते में अमित ने ई रिक्शा रोका और कहा कि वह उसे पसंद करता है। आईटी पार्क चौराहे के यहां उसने हाथ पकडक़र बात करने की कोशिश की। इस दौरान डर के चलते ऑटो से उतर गई और गिरने से पैर में चोट आई। बाद में थाने आकर अमित की शिकायत की है।

कटाक्ष




©www.detectivegroupreport.com

# रंगोली बना रही बच्चियों को कार ने कुचला रहवासियों का आंदोलन, ड्राइवर फरार



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। शहर के जय भवानी नगर में सोमवार शाम तेज रफ्तार कार द्वारा दो बच्चियों को कुचलने का मामला सामने आया। दोनों बच्चियां अपने घर के सामने रंगोली बना रही थीं जब तेज गति से आ रही कार ने उन्हें टक्कर मार दी। घटना के बाद कार चालक तुषार अग्रवाल, जो हुकुमचंद कॉलोनी का निवासी है, मौके से फरार हो गया और गुस्साई भीड़ ने उसकी कार को पलट दिया।

### बच्चियों की हालत गंभीर

प्रियांशी (21) पुत्री पवन प्रजापत और निव्या (13) पुत्री आनंद प्रजापत इस दुर्घटना में घायल हुईं। दोनों को तुरंत इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने कार के नंबर MP09ZW7287 के आधार पर आरोपी की खोजबीन शुरू कर दी है। दोनों बच्चियों की हालत गंभीर बनी हुई है।

### पुलिस ने लोगों को समझाया

हादसे के बाद आसपास के रहवासियों ने बच्चियों को कार के नीचे से निकाला। लोग घटना के बाद भड़क गए और कार को पलट दिया। इसके बाद लोगों ने रास्ते पर चक्काजाम किया और नारेबाजी की। एरोड्रम थाना पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाया।

# 1 करोड़ 47 लाख के नोटों से सजा महालक्ष्मी मंदिर

## श्रद्धा ऐसी कि लाखों देकर जाते हैं भक्त, आज तक एक रुपए का हेरफेर नहीं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रतलाम। रतलाम के महालक्ष्मी मंदिर में देशी-विदेशी नोट और आभूषणों के साथ माता के दर्शन होंगे। मंदिर का कोना-कोना नकदी और जेवरात से सजाया गया है। भारत का यह एकमात्र ऐसा मंदिर है, जहां दीपावली पर्व पर करोड़ों रुपए के साथ ही आभूषणों से सजावट की जाती है। ये रुपए और आभूषण भक्तों द्वारा दिए जाते हैं।**

दीपावली पर्व के समापन पर भाईदूज के दिन प्रसादी के रुपए में भक्तों को उनके नोट और आभूषण लौटा दिए जाते हैं। अभी तक मंदिर में 1 करोड़ 47 लाख रुपए की गिनती हो चुकी है जबकि आभूषणों का अनुमान लगाया जा रहा है कि वह 3 करोड़ से ज्यादा के हैं।

रतलाम के माणक चौक स्थित इस मंदिर में नोटों और आभूषणों से सजावट की शुरुआत इस बार शरद पूर्णिमा पर 14 अक्टूबर से हुई थी। मंदिर में भक्त निशुल्क सेवा भी देते हैं। कोई नोटों की लड़िया बनाता है तो कोई नोट लेकर आने वाले श्रद्धालुओं की इंट्री करता है। कुछ भक्त दिन से लेकर रात तक सजावट में लगे रहते हैं।



### 1 से लेकर 500 रुपए तक के नोटों से सजावट

1 रुपए से लेकर 20, 50, 100 और 500 रुपए के नए नोटों से मंदिर को सजाया जाता है। सजावट के लिए रतलाम के अलावा मंदसौर, नीमच, इंदौर, उज्जैन, नागदा, खंडवा, देवास समेत राजस्थान के कोटा से आए भक्तों ने अपनी श्रद्धानुसार राशि जमा कराई है।महालक्ष्मी के कई भक्त तो ऐसे भी हैं, जो एक साथ 5 लाख रुपए तक मंदिर में रखकर जाते हैं। श्रद्धालुओं द्वारा दिए जाने वाले नोटों से मंदिर के लिए वंदनवार बनाया जाता है। महालक्ष्मी का आकर्षक श्रृंगार कर गर्भगृह को खजाने के रूप में सजाया जाता है। मंदिर परिसर कुबेर के खजाने के रूप में दिखाई देता है। भक्त अपने घरों की तिजोरी तक मंदिर में सजावट के लिए रख जाते हैं।

### रजिस्टर में एंट्री कर टोकन दिया जाता है

मंदिर में सजावट के लिए दिए जाने वाले रुपयों में आज तक हेरफेर नहीं हुआ है। नगदी और आभूषण देने वाले भक्तों का नाम, पता और मोबाइल नंबर एक रजिस्टर में लिखा जाता है। देने वाले का पासपोर्ट फोटो नाम के आगे चिपकाया जाता है। राशि लिखकर एक टोकन दिया जाता है। इसी टोकन को देखकर रुपए या आभूषण लौटाए जाते हैं।

### पांच दिन तक संपदा माता लक्ष्मी के हवाले

महालक्ष्मी मंदिर में गणेश, लक्ष्मी और सरस्वती माता की प्रतिमाएं हैं। लक्ष्मी की मूर्ति के हाथ में धन की थैली रखी है, जो वैभव का प्रतीक है। मान्यता है कि करीब 200 वर्ष पूर्व राजा रतन सिंह कुल देवी के रूप में माता का पूजन करते थे। राजा वैभव, निरोगी काया और प्रजा की खुशहाली के लिए पांच दिन तक अपनी संपदा मंदिर में रखकर आराधना कराते थे। तभी से ये परंपरा चली आ रही है।

### मंदिर में महालक्ष्मी के 8 रूप विराजमान

रतलाम के महालक्ष्मी मंदिर में माता के 8 रूप अधी लक्ष्मी, धान्य लक्ष्मी, लक्ष्मीनारायण, धन लक्ष्मी, विजयालक्ष्मी, वीर लक्ष्मी, संतान लक्ष्मी और ऐश्वर्य लक्ष्मी मां विराजमान हैं। गर्भ गृह में महालक्ष्मी के साथ भगवान गणेश और मां सरस्वती की पूजा होती है।

### दीपावली के एक सप्ताह पहले से सजावट

महालक्ष्मी मंदिर में हर साल दीपावली के एक सप्ताह पहले से सजावट की तैयारी शुरू हो जाती है। इस बार शरद पूर्णिमा से ही यहां रुपए और गहने पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। मान्यता है कि जिस व्यक्ति का धन महालक्ष्मी के श्रृंगार में इस्तेमाल होता है, उसके घर में सुख-समृद्धि बनी रहती है।

# मुख्यमंत्री ने देर रात सस्पेंड किए 11 अधिकारी-कर्मचारी

### हेल्पलाइन की समीक्षा बैठक; बिजली कंपनी के जीएम निलंबित, तीन जिलों के कलेक्टरों को फटकारा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। समाधान ऑनलाइन की समीक्षा बैठक में सोमवार देर रात सीएम डॉ. मोहन यादव ने अफसरों की जमकर क्लास लगाई। सीएम ने शिकायत के बाद 11 अफसर-कर्मचारियों को सस्पेंड कर दिया। रायसेन जिले में एक व्यक्ति ने बिजली बिल में गड़बड़ी की शिकायत की थी। इस पर सीएम ने बिजली वितरण कंपनी के जनरल मैनेजर को निलंबित कर दिया।**

खंडवा जिले में एक लड़की की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज नहीं होने की शिकायत हुई थी। सीएम को अफसरों ने बताया कि उपनिरीक्षक को निलंबित कर दिया गया है। एसडीओपी-टीआई को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। जांच एएसपी करेंगे। बेटी को बरामद कर परिजनों को सौंप दिया है।

सीएम ने कहा कि प्रदेश में इस प्रकार के केस के निराकरण के लिए अभियान चलाएं। झाबुआ में कपिलधारा कूप निर्माण योजना में भुगतान में देरी पर पंचायत सचिव को निलंबित किया गया। सीईओ व लेखाधिकारी को कारण बताओ नोटिस दिया गया।

**कलेक्टरों की क्लास, बोले- प्रशासन के मुखिया हो, साइड में क्यों बैठे हो?**

वीसी के दौरान बालाघाट कलेक्टर को बीच में न बैठा देखकर सीएम ने फटकार लगाई। वीसी में पहले आईजी और डीआईजी बैठे थे। इस पर सीएम ने कहा- बीच में कौन बैठा है? आईजी को हटाओ और बीच में आप बैठो। प्रशासनिक अधिकारी आप हो।

समय पर छात्रवृत्ति न बांटने पर सीएम ने अशोकनगर कलेक्टर को फटकार लगाई।

आलीराजपुर कलेक्टर से सीएम ने पूछा कि निःशक्त जन मामले का क्या हुआ? कलेक्टर समझाने लगे तो सीएम ने कहा- ज्यादा मत बोलो। जितना बोलोगे, उतना फंसोगे। वहीं, सामाजिक न्याय विभाग की प्रमुख सचिव से कहा- दूसरों की भी सुन लिया करो। आप बस बोलती जा रही हो।

## शहद खाने आम के पेड़ में चढ़ा भालू, 15 घंटे से नही उतरा नीचे, वन विभाग मौके पर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शहडोल।** शहडोल जिले की सीमा बांधवगढ़ एवं संजय गांधी टाइगर रिजर्व से जुड़ी होने की वजह से आए दिन यहां जंगली जानवरों का आना-जाना बना रहता है। अब उत्तर वन मंडल के अमझोर क्षेत्र में पिछले 15 घंटे से एक भालू आम के पेड़ में चढ़ा है, भालू पेड़ में शहद खाने के लिए चढ़ा था, लेकिन वह 15 घंटे से नीचे नहीं उतरा है। जिसे देखने लोगों की भीड़ सुबह से लगी हुई है। जानकारी लगने के बाद वन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंच भालू की निगरानी बनाए हुए है। भालू के पेड़ में चढ़े होने की जानकारी लगता ही आसपास के लोग इकट्ठा हो गए और वहां काफी भीड़ लगा ली, जिसकी वजह से भालू डर के मारे पेड़ में चढ़ा रहा और अब तक नहीं उतर सका है। जब इस मामले की खबर वन विभाग के अधिकारियों को लगी तो अधिकारी मौके पर पहुंचे और लोगों को वहां से हटवाया गया, लेकिन 15 घंटे बीत गए हैं और भालू अब तक पेड़ में चढ़ा हुआ है। अमझोर रेंजर तरुणेंद्र सिंह का कहना है कि भालू की निगरानी के लिए चार टीमें तैनात की गई है, शहद के फेर में भालू पेड़ पर चढ़ा है। ग्रामीणों को मौके पर आने से रोका जा रहा है। शायद भालू अब नीचे उतर जाएगा।



**पीएचई विभाग का कारनामा**

# जलजीवन मिशन के कार्यों में डेढ़ करोड़ का अवैध भुगतान, होगी कार्रवाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छतरपुर। प्यासे कंठों तक पानी पहुंचाने की अहम जिम्मेदारी निभाने वाले लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने छतरपुर में चौंकाने वाला काम किया है। विभाग के कार्यपालन यंत्री संजय कुमरे और लवकुशनगर एसडीओ सियाराम वर्मा ने मिलकर जलजीवन मिशन के अंतर्गत संचालित होने वाली नल-जल योजनाओं के कार्यों में लगभग डेढ़ करोड़ रुपए का अवैध भुगतान करा दिया। यह भुगतान मुरैना की आर्यन कंस्ट्रक्शन कंपनी के नाम पर किया गया है जिसने गौरिहार विकासखण्ड के एक दर्जन से ज्यादा ग्रामों में बगैर काम किए ही यह भुगतान उठा लिया।**

मामले का खुलासा तब हुआ जब नल-जल योजना के अंतर्गत चल रहे इन कार्यों की जांच अधीक्षण यंत्री कार्यालय पन्ना द्वारा कराई गई। जांच करने वाले अधीक्षण यंत्री ने अपनी जांच रिपोर्ट में जो तथ्य दिए हैं वह चौकाने वाले हैं। इस रिपोर्ट में पाया गया है कि गौरिहार विकासखंड के एक दर्जन से ज्यादा गांव में नल-जल योजना के अंतर्गत आर्यन कंस्ट्रक्शन कंपनी को नवंबर 2021 में चार निविदा अनुबंधों के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में नल-जल योजना के अंतर्गत पाइप लाइन डालने का काम दिया गया था।

जांच रिपोर्ट बताती है कि ग्राम बजरंगपुर, बनियानी, चौहानी, खुडेरी, लौसी, केवलाहा, कुंवरपुर, मिश्रनपुरवा, भानपुरा, कीरतपुर, बेहनपुर, पड़रिया, बहादुरपुर, गोविंदपुर, प्रतापपुर, निधवापुखारी, बरूआ, तेलंगपुर, रजौरा, मोतीपुरवा, क्योटी, जोगा, धरमपुर के अंतर्गत किए गए पाइप लाइन बिछाने, मुरूम फिलिंग, सीसी निर्माण सहित अन्य कार्यों में एक करोड़ 38 लाख 55 हजार 907 रुपए का अवैध भुगतान करा लिया गया। यह भुगतान जिन कार्यों के एवज में कराया गया वे कार्य जमीन पर हुए ही नहीं। इतना ही नहीं कई कार्यों की माप पुस्तिका में दर्ज नहीं की गई और सीधे देयक बनाकर भुगतान कर दिया गया।

चौंकाने वाला मामला है कि छतरपुर जिले में हुए इस बड़े घोटाले की जांच अधीक्षण यंत्री स्तर के अधिकारी द्वारा की गई और पन्ना अधीक्षण यंत्री की यह जांच रिपोर्ट 30 अगस्त 2024 को मुख्य अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ग्वालियर को भेजी गई थी। लगभग 60 दिन का समय गुजरने के बाद भी इस मामले में विभाग ने एसडीओ सियाराम वर्मा और कार्यपालन यंत्री संजय कुमरे व आर्यन कंस्ट्रक्शन के खिलाफ कोई एक्शन नहीं लिया।

# संपादकीय

## बेरोजगारी का निकल सकता है हल


मौजूदा विश्व में जिस तेजी से अलग-अलग देशों और खेमों में पुराने समीकरण नई शक्ल ले रहे हैं, संबंधों के आयाम बदल रहे हैं, उसमें भारत और जर्मनी के बीच बहुस्तरीय सहयोग के नए तैयार होते रास्ते बेहद अहम हैं। जर्मनी और भारत के सातवें अंतर-सरकारी परामर्श यानी आइजीसी के आयोजन के दौरान दोनों देशों के बीच संबंधों का जो नया अध्याय खुला है, उससे काफी उम्मीदें लगाई जा रही हैं। यह सही है कि आर्थिक और सामरिक स्तर पर विश्व में कई स्तर पर खींचतान, तनाव और टकराव का माहौल चल रहा है और ऐसे में खासतौर पर भारत जैसे किसी देश के लिए सहयोग के मोर्चे तैयार करना एक कठिन चुनौती है। मगर इसी दौर में यह भी साबित हुआ है कि कुछ युद्धों और अन्य कारणों से दुनिया के ज्यादातर देश अपनी सुविधा के ध्रुवों में बंट रहे हैं, उसमें भारत अलग-अलग देशों के साथ अपने संबंधों को व्यावहारिकता और जरूरत की कसौटी पर तय कर रहा है। गौरतलब है कि जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज के साथ भारतीय प्रधानमंत्री की बातचीत के बाद दोनों देशों के बीच कई मोर्चों पर सहयोग की घोषणा की गई। इसमें कई संधियों पर हस्ताक्षर किए जाने के साथ-साथ द्विपक्षीय रिश्तों को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता पर भी जोर दिया गया। भारत में बेरोजगारी की समस्या आम है तो जर्मनी में कुशल कामगारों की कमी है। इस लिहाज से देखें तो द्विपक्षीय बातचीत में जर्मनी में भारत के कुशल कामगारों की बढ़ती मांग और यहां के प्रशिक्षित श्रमिकों के लिए वार्षिक वीजा की संख्या बीस हजार से बढ़ा कर नब्बे हजार करने पर बनी सहमति काफी मायने रखती है। व्यापार और सामरिक साझेदारी के मोर्चे पर महत्वपूर्ण बातचीत के अलावा तकनीक, कौशल विकास, कृत्रिम बुद्धिमता, सेमीकंडक्टर, स्वच्छ ऊर्जा से लेकर खुफिया जानकारी साझा करने जैसे कई मुद्दों पर सहयोग की घोषणा से स्पष्ट है कि कुछ मसलों पर मतभिन्नता के बावजूद जर्मनी और भारत एक नए रास्ते की ओर बढ़ रहे हैं। हालांकि यह देखना होगा कि मुक्त व्यापार पर विश्व व्यापार संगठन की व्यवस्था को मानने के मसले पर किस हद तक सहमति बन पाती है।

### अर्ज किया है..!

*वफ़ा की आड़ में क्या क्या हुई जफ़ा हम पर*
*जो दोस्ती यही ठहरी तो दुश्मनी क्या है*

-अमजद नजमी

isha



**जिनमें कोई समावेशी भावना नहीं है, ऐसे लोगों को सत्ता नहीं देनी चाहिए।**

- जग्गी वासुदेव

Health is Wealth

# नहाने से पहले नाभि पर घी लगाने से सेहत को होते हैं ये 5 फायदे, चेहरे की बढ़ जाती है चमक



आयुर्वेद के अनुसार नाभि को शरीर की एनर्जी का सेंटर माना जाता है। एक्सपर्ट्स मानते हैं कि रोजाना नाभि पर देसी घी लगाने से व्यक्ति की सेहत से जुड़ी कई समस्याएं दूर हो सकती हैं। देसी घी में मौजूद विटामिन-E, विटामिन-A, विटामिन-D और एंटी-बैक्टीरियल गुण अच्छी सेहत के साथ आपकी खूबसूरत त्वचा पाने का सपना भी पूरा करते हैं। आइए जानते हैं नाभि पर देसी घी लगाने से सेहत को मिलते हैं क्या फायदे।

### त्वचा को पोषण देना

नाभि पर घी लगाने का सबसे बड़ा फायदा यह है कि यह त्वचा को मॉइस्चराइज करके त्वचा की ड्राईनेस कम करता है। जिससे त्वचा हर समय चमकार बनी रहती है।

### बेहतर पाचन

आयुर्वेद के अनुसार, नाभि को पाचन का स्थान माना जाता है। इस जगह घी लगाने से पाचन एंजाइम सक्रिय होते हैं, जो पाचन को बेहतर बनाने में मदद करते हैं।

### कब्ज की छुट्टी

कब्ज की समस्या से राहत पाने के लिए देसी घी का उपयोग किया जा सकता है। इसके लिए घी की 2-3 बूंद नाभि में डालकर हल्के हाथ से मालिश करें। नाभि में घी डालने से पाचन दुरुस्त रहता है और व्यक्ति की कब्ज की शिकायत दूर होती है।

### जोड़ों का दर्द

अगर आपके जोड़ों में दर्द रहता है तो उससे राहत पाने के लिए नाभि में घी लगा सकते हैं। सबसे पहले घी की कुछ बूंदें नाभि में डालकर, नाभि के चारों तरफ मालिश करें। इस उपाय को करने से जोड़ों का दर्द दूर होने के साथ सूजन में भी आराम मिलेगा।

### वात दोष को रखता है संतुलित

आयुर्वेद के अनुसार नाभि पर घी लगाने से वात दोष संतुलित होता है। बता दें, वात असंतुलित होने पर व्यक्ति को चिंता, बेचैनी और पाचन तंत्र में विकार पैदा होने लगते हैं। लेकिन घी वात ऊर्जा को स्थिर करके व्यक्ति को शांति और स्थिरता का अहसास करवाने में मदद कर सकता है।

Keral

# मंदिर में उत्सव के दौरान जबर्दस्त धमाका, 150 से ज्यादा झुलसे; 8 की हालत गंभीर

**केरल, (एजेंसी)** केरल के एक मंदिर में उत्सव के दौरान पटाखों में आग लग गई। इस हादसे में 150 से ज्यादा लोग घायल हो गए, जिनमें से आठ की स्थिति गंभीर है। यह घटना सोमवार देर रात केरल के कासरगोड के करीब स्थित नीलस्वरम स्थित वीरारकावु मंदिर के पास हुई है। घायलों को कासरगोड, कन्नूर और मेंगलुरु के विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। बताया जाता है कि वीरारकावु मंदिर के पास पटाखों को जमा करके रखा गया था। शक है कि इस स्टोरेज में आग लग जाने के चलते ही यह हादसा हुआ है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक घटना उस वक्त हुई जब एक मिसफायर पटाखा, स्टोर किए गए पटाखों वाली वाली बिल्डिंग पर जा गिरा। नतीजा यह हुआ



है कि वहां पर तेजी से धमाके होने लगे। इससे आसपास के लोग घायल हो गए, जिसमें बच्चे और महिलाएं भी शामिल थीं। यह सभी लोग यहां पर थेय्यम परफॉर्मेंस देखने के लिए जुटे थे। घटना की जानकारी मिलते ही जिला प्रशासन के लोग, जिला कलेक्टर और पुलिस के मुख्य अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। अधिकारी घटना की असली वजह पता लगाने में जुटे हैं। वहीं, स्थानीय समुदाय के लोगों ने घायलों और उनके परिवारों की मदद की। स्थानीय मीडिया के मुताबिक कान्हागढ़ जिला अस्पताल में भर्ती पांच लोगों की हालत बहुत ज्यादा गंभीर है। मातृभूमि के मुताबिक जिला अस्पताल में कुल 33 लोगों को भर्ती कराया गया है। इसके अलावा 19 लोगों को ऐशल हॉस्पिटल कान्हागढ़, जबकि 12 लोगों को अरिमाला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

Jammu

## जम्मू-कश्मीर के अखनूर में मुठभेड़ का दूसरा दिन, कार्रवाई में दो ढेर; एक दहशतगर्द की तलाश



**अखनूर, (एजेंसी)** जम्मू-कश्मीर के अखनूर में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मंगलवार मुठभेड़ का दूसरा दिन है। अब तक चल रहे अभियान में दो आतंकवादी मारे गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि जम्मू क्षेत्र के अखनूर सेक्टर के एक गांव में छिपे एक आतंकवादी को मंगलवार सुबह फिर से शुरू हुई मुठभेड़ में मार गिराया गया। सुरक्षा बलों ने इलाके में छिपे आतंकवादियों के खिलाफ अपना अंतिम हमला किया। आगे जानकारी देते हुए बताया कि अब तक दो आतंकवादी मारे जा चुके हैं और जोगवान गांव में असन मंदिर के पास वन क्षेत्र में छिपे थे। उनके तीसरे सहयोगी को मार गिराने के प्रयास जारी हैं। सोमवार सुबह नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास चल रहे काफिले में शामिल सेना की एंबुलेंस पर आतंकवादियों ने हमला कर दिया था। तीन आतंकवादियों में से एक को विशेष बलों और एनएसजी कमांडो ने अभियान शुरू होने के बाद शाम तक ढेर कर दिया था। अधिकारियों ने बताया कि सुबह करीब सात बजे छिपे आतंकवादियों के खिलाफ अंतिम हमला किया, जिसके बाद फिर से मुठभेड़ शुरू हो गई। अधिकारियों ने बताया कि दूसरे आतंकवादी के मारे जाने से पहले एक घंटे से अधिक समय तक दो धमाके हुए और उसके बाद भीषण गोलीबारी हुई। उन्होंने बताया कि फंसे हुए तीसरे आतंकवादी के साथ भी रुक-रुक कर गोलीबारी जारी रही। ऑपरेशन के दौरान गोली लगने से चार वर्षीय बहादुर सेना के कुत्ते फैंटम

Chhattisgarh

## मातम में बदली दिवाली की खुशियां, सजावट के लिए लाइट लगाने के दौरान करंट लगने से तीन की मौत

**मुंगेली, (एजेंसी)** छत्तीसगढ़ के मुंगेली जिले में दिवाली के लिए लाइट लगाते समय एक दुखद हादसे में तीन लोगों की करंट लगने से मौत हो गई. वहीं इस हादसे में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया. न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक यह हादसा सोमवार को सरगांव थाना क्षेत्र के एक पेट्रोल पंप के सामने हुआ. पुलिस ने बताया कि हादसा उस समय हुआ जब ये लोग दिवाली की सजावट के लिए लाइट लगाने के दौरान लोहे की सीढ़ी का इस्तेमाल कर रहे थे. जानकारी के मुताबिक, मृतक लोहे की सीढ़ी को खींच रहे थे, तभी यह सीढ़ी ऊपर से गुजर रही बिजली की तार के संपर्क में आ गई. इस दौरान चारों व्यक्तियों को बिजली का झटका लगा और वे झुलस गए. घटना के तुरंत बाद, सभी घायलों को सरगांव के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने तीन लोगों को मृत घोषित कर दिया. इस हादसे में जान गंवाने वालों की पहचान प्रियांशु यादव (15), अर्जुन यादव (15) और राम साहू (20) के रूप में हुई है. वहीं, गंभीर रूप से घायल शिव पांडे (20) को बेहतर इलाज के लिए बिलासपुर के छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (CIMS) में रेफर कर दिया गया है.

Bihar

## गोपालगंज में 9 माह की मासूम को उठा ले गया भेड़िया, खून से सना शव बरामद

**गोपलगंज, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश के बहराइच के बाद अब बिहार के गोपालगंज में जंगली जानवर (भेड़िये) ने आतंक मचा रखा है. यहां भेड़िये ने एक बार फिर मासूम बच्ची को अपना निवाला बनाकर पूरे गांव में दहशत फैला दी है. सूचना मिलते ही डॉग स्क्वायड व एफएसएल की टीम ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है. वहीं काफी खोजबीन के बाद बच्ची के क्षत विक्षत शव को खेत के बरामद किया गया है. बताया जाता है कि महम्मदपुर थाना क्षेत्र के काशी टेंगराही गांव के प्रेम सागर कुमार की पत्नी मधु कुमारी रविवार की अहले सुबह अपने 9 माह की बच्ची को घर के आंगन में सुलाकर किसी काम में लग गयी. इसी दौरान भेड़िया घर में घुस गया और बच्ची को लेकर भाग गया. बच्ची के गायब होने से अफरातफरी मच गई. भेड़िये के काटने कारण घर के पीछे खून



का धब्बे दिखाई पड़े. सूचना पर पुलिस ने डॉग स्क्वायड व एफएसएल की मदद से जांच की काफी मशक्कत के बाद गांव के बाहर खेत से बच्ची का क्षत विक्षत शव बरामद किया गया है. महम्मदपुर के काशी टेंगराही गांव में ग्रामीण भेड़िये के आतंक से शाम होते ही घरों में कैद हो जा रहे हैं और डर के साए में रह रहे हैं.

खेल

# आईपीएल : धोनी ने दिए आईपीएल के अगले सत्र में खेलने के संकेत

### निचले क्रम पर उतरने को लेकर दिया बयान

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** आईपीएल 2025 सत्र की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं और अगले कुछ दिनों में फ्रेंचाइजी खिलाड़ियों को रिटेन और रिलीज करने का फैसला लेंगी। इस बीच, सभी की नजरें चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी पर टिकी हुई हैं। अब सीएसके के प्रशंसकों के लिए राहत की खबर सामने आई है क्योंकि खुद माही ने आईपीएल के अगले सत्र में खेलने के संकेत दिए हैं।

### धोनी ने छोड़ी थी सीएसके की कप्तानी

आईपीएल के अगले सत्र से पहले खिलाड़ियों की बड़ी नीलामी होनी हैं। इससे पहले सभी फ्रेंचाइजी को 31 अक्तूबर तक रिटेन किए गए खिलाड़ियों की सूची सौंपनी है। माना जा रहा है कि सीएसके इस साल धोनी को अनकैप्ड खिलाड़ी के तौर पर रिटेन करेगा जिससे उनके टीम से जुड़ने रहने का रास्ता साफ हो जाएगा। मालूम हो कि धोनी ने आईपीएल 2024 से पहले सीएसके की कप्तानी छोड़ दी थी और



ऋतुराज गायकवाड़ को टीम की कमान सौंपी थी जिससे उनके भविष्य को लेकर अटकलें लगाई जाने लगी थी।

### 'आखिरी कुछ वर्ष खेलने का लुत्फ उठाना चाहता हूं'

अब धोनी ने खुद आईपीएल 2025 में खेलने के संकेत दिए हैं। उन्होंने कहा है कि वह खिलाड़ी के तौर पर अपने आखिरी कुछ वर्षों में जो भी क्रिकेट खेल रहे हैं उसका लुत्फ उठाना चाहते हैं। धोनी ने कहा, मैं अपने आखिरी कुछ वर्षों में जो भी क्रिकेट खेल सका हूं उसका आनंद लेना चाहता हूं। मैं खेल का वैसे ही आनंद लेना चाहता हूं जैसे कि बचपन में हम शाम चार बजे बाहर जाते थे और खेलते थे, बस खेल का आनंद लेते थे। जब आप खेल को पेशेवर तौर पर खेलते हैं तो कई बार उसका लुत्फ उठाना मुश्किल हो जाता है। मैं जो भी करता हूं उसमें भावनाएं और प्रतिबद्धताएं जुड़ी होती हैं, लेकिन मैं अगले कुछ वर्षों तक खेल का आनंद लेना चाहता हूं। हाल ही में चेन्नई सुपर किंग्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कासी विश्वनाथन ने भी कहा था कि उन्हें उम्मीद है कि धोनी आगामी सत्र में खिलाड़ी के तौर पर टीम का हिस्सा होंगे। धोनी ने 2023 में बाएं घुटने की सर्जरी कराने के बाद 2024 के आईपीएल सत्र के दौरान निचले क्रम में बल्लेबाजी की। भारत के पूर्व कप्तान ने बताया कि यह निर्णय मुख्य रूप से टी20 विश्व कप से पहले युवा भारतीय खिलाड़ियों को मैदान में समय बिताने का मौका देने के लिए किया गया था। धोनी ने कहा, मेरी सोच सरल थी, अगर अन्य लोग अपना काम अच्छा कर रहे हैं तो मुझे ऊपरी क्रम में आने की जरूरत क्यों है। अगर आप विशेष रूप से पिछले सत्र के बारे में बात कर रहे हैं, तो टी20 विश्व कप टीम की घोषणा जल्द ही होने वाली थी।

सिनेमा

## ट्रोल हो रहे हैं राजपाल यादव, सोशल मीडिया पर दी थी लोगों को इस तरह दिवाली मनाने की सलाह



'भूल भुलैया 3' के छोटा पंडित उर्फ राजपाल यादव सोशल मीडिया पर बुरी तरह ट्रोल हो रहे हैं। दरअसल, राजपाल का एक वीडियो सामने आया है जिसमें वह अपने फैंस को दीपावली पर पटाखे न जलाने की सलाह देते नजर आ रहे हैं। वह कहते हैं, "जानवर बहुत डरते हैं पटाखों से, एयर पॉल्यूशन होता है, आस-पास नॉइस होता है। इन सबके बगैर भी दीपावली प्यार से मना सकते हैं। इसलिए प्लीज-प्लीज नो...।"

जब राजपाल का ये वीडियो सामने आया तब सोनू निगम सिंह ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर उनका ये वीडियो पोस्ट किया और लिखा, "राजपाल भाई के घर पर कम से कम 4-5 ऐसी एसी लगे होंगे और ये यहां आकर पटाखों से प्रदूषण का ज्ञान दे रहे हैं। जी भर कर खुशी मनाएं, पटाखें फोड़े और दिवाली मनाएं। बॉलीवुड के दोगलेपन का शिकार न बनें!"

सिर्फ सोनू निगम सिंह ही नहीं, सोशल मीडिया यूजर्स भी राजपाल के इस वीडियो की आलोचना कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'एक बात मेरे समझ में नहीं आती कि लोगों को प्रदूषण की याद दिवाली पर ही क्यों आती है? इन्हें पर्यावरण से इतना प्रेम है, तो फैक्ट्री बंद करवाते जहां से लाखों टन कार्बन उत्सर्जित होता है।'

## Highlights

1. US President Joe Biden celebrates Diwali at White House
2. Battle not easy but people have supported Sharad Pawar: Yugendra
3. YouTuber couple uploaded 'goodbye' video hours before being found dead in Kerala
4. Denied Borivali ticket, BJP's Gopal Shetty to fight as Independent
5. Delhi's AQI improves to 'poor' from 'very poor' ahead of Diwali

# Apple's colourful iMac ushers in the M4 chip, and Apple Intelligence era




**NEW DEIHI, (Agency).** As the last week drew to a close, Apple's senior vice president of Worldwide Marketing Greg 'Joz' Joswiak had said, "We have an exciting week of announcements ahead, starting on Monday morning." On cue is the first refresh for the Mac computing device line-up, with the iMac ushering in the M4 chip era for the portfolio. More refreshes are expected to be announced through the next few days. Considering this iMac 24-inch is identified by its colours, there are still seven albeit slightly refined colours to choose from — green, yellow, orange, pink, purple, blue and silver. "With the Neural Engine in M4, iMac is the world's best all-in-one for AI," the Apple pitch says.

The tech giant's pitch for the refreshed iMac is simple, it is "built for Apple Intelligence", a tribute to the M4 chip's more powerful Neural Engine, as much as 3 times more capable than an NE on the iMac with an M1 chip. That is, an M1's 16-core Neural Engine could compute 11-trillion operations per second, or TOPS. The M4's Neural Engine can deliver 38 TOPS. The previous generation M3, which this iMac got last year, rated at 18 TOPS. It is, a significant step forward for on-board artificial intelligence (AI) experiences, something Apple calls Apple Intelligence.

HT had earlier detailed that core to Apple Intelligence are multiple models that they've built in-house, on-device processing, a smarter Siri, privacy focused Private Cloud Compute for server-side processing, updates for App Intents framework that'll allow third-party apps to plug into the intelligence features and an optional OpenAI ChatGPT-4o integration.

# iPhone 16 sales blocked in Indonesia as Apple didn't meet investment requirements



**NEW DEIHI, (Agency).** Indonesia blocked Apple Inc. from selling its latest iPhones in Southeast Asia's largest economy, saying the company has yet to meet local investment requirements.

The iPhone 16, launched in September, cannot be marketed domestically as local unit PT Apple Indonesia hasn't fulfilled the country's 40% domestic content requirements for smartphones and tablets, the Ministry of Industry said in a statement on Oct. 25. Apple's older products can still be sold in Indonesia.

That's a road bump for Apple, which has enjoyed healthy initial sales of its flagship product in other Asian markets such as China. While Apple ranks outside the top six smartphone brands in Indonesia, it's a potential growth market with a young, increasingly tech-savvy population. The $1 trillion economy has over 350 million active mobile phones — much more than the nation's 270 million population, according to government data.

# दिवाली पर पुलिस ने भी की अपनी तैयारी, सुरक्षा और बेहतर ट्रैफिक के लिए 800 जवान संभालेंगे बाजार और ट्रैफिक व्यवस्था

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट


**इंदौर। दीपोत्सव पर्व को लेकर पुलिस ने भी अपनी तैयारी कर ली है। इस दौरान पुलिस प्रशासन ने भी चाक-चौबंद व्यवस्था की है। 800 से ज्यादा पुलिस और ट्रैफिक जवानों को शहर की यातायात व्यवस्था और सुरक्षा की दृष्टि से लगाया है। इसमें थाने का बल भी विशेष रूप से अलग से काम करेगा। ताकि जनता को किसी तरह की परेशानी न हो।**

एडिशनल डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश दंडोतिया ने बताया शहर में प्रमुख चौराहा और सडक़ों पर पुलिस की विशेष निगरानी रहेगी। लगभग 800 पुलिसकर्मियों का बल तैनात रहेगा, जो शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने के साथ चेकिंग पॉइंट भी लगाएगा।

यातायात पुलिस ने मारोठिया बाजार, सराफा, कपड़ा मार्केट, राजबाड़ी और जेल रोड पर वाहनों को नहीं जाने के लिए बैरिकेड लगाए हैं। इसके साथ ही गलियों और रास्तों में पुलिस जवानों के साथ एक अफसर भी तैनात किया है। जिसमें भारी वाहन और दो पहिया वाहन 5 दीपावली की रात तक प्रवेश नही कर पाएंगे। इसके लिए इन रास्तों के बाहर ही आपको गाड़ी पार्क करना होगी। जिसमें गलियों और आसपास के कम घने इलाकों में वाहन पार्किंग हो सकेगी, इसमें सुभाष मार्ग पार्किंग और बजाज खाना चौक पार्किंग में भी गाड़ी पार्क कर सकते हैं।

कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने बाइकर्स और बुलेट पर पटाखे फोडऩे वालों के लिए सख्ती से मुहिम चलाने के निर्देश दिए हैं। जिसमें सभी थाना प्रभारियों को कार्यवाही करने की बात कही गई है। एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया के मुताबिक यह चेकिंग दीपावली को देखते हुए लगातार जारी रहेगी।

फायर बिग्रेड के अफसरों के मुताबिक इंदौर में दमकल के इमरजेंसी नंबर 101 के अलावा 0731-2610155- 0731247777 रहेंगे। जिसमें मोतीबेला, गांधी हॉल और सांवेर रोड पर लक्ष्मीबाई नगर इलाके में कॉल के हिसाब से जानकारी पहुंचेगी। इसमें मार्केट में दीपावली की रात तक राजबाड़ा, पलासिया, मांगलिया, क्लाथ मार्केट में दमकल की गाडिय़ां 3 दिन तक तैनात रहेगी। जिसमें कॉल होने पर तुरंत यहां गाडिय़ां 10 मिनट से कम समय में पहुंच सकेंगी। वही सराफा और बंबई बाजार चौकी पर बुलेट वाली दमकल की दो गाड़ी मौजूद रहेगी। जो पूरे उपकरणों से लैस है ओर छोटी आग जैसी घटनाओं में काम में आ सकती है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक